आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 29.09.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में भाजपा कार्यालय का किया उद्घाटन।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा में 489 करोड़ की शिक्षा शुल्क प्रतिपूर्ति राशि जारी की।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान कार्यक्रम में की सहभागिता ।
- जूनियर विश्व निशानेबाजी में भारत का दबदबा, 20 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर ।

**प्रधानमंत्री - भाजपा कार्यालय**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर नवनिर्मित दिल्ली भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी ... इस कार्यालय की आधारशिला भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 9 जून 2023 को रखी थी। इस अवसर पर जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन का हर क्षण राष्ट्र और पार्टी को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी हमेशा देश के 140 करोड़ लोगों के कल्याण के बारे में सोचते हैं।

**मुख्यमंत्री- हरदा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज हरदा में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विद्यार्थियों की शिक्षा शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए 489 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से जारी की ।इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला सहित स्कूल भवन, जनजातीय छात्रावास के साथ 11KV सब स्टेशन, नवीन जनपद भवन और स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की सौगातें प्रदान की गईं हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने बताया कि भावांतर योजना के तहत यदि किसान को एमएसपी से कम कीमत मिलती है, तो अंतर की राशि सरकार द्वारा दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री- इंदौर प्राणी संग्रहालय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर प्राणी संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पशु.पक्षी केवल चिड़ियाघरों की शोभा नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरणीय तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं और इनके प्रति संवेदनशील होना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश वन्य जीव संपदा के दृष्टिकोण से लगातार समृद्ध हो रहा है। कूनो में चीतों के आगमन के बाद अब शिमोगा से दो जोड़ी बायसन इंदौर जू में आए हैं। इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जानकारी दी कि टाइगर ब्रीडिंग एवं एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत शिमोगा से आए 4 बायसन और शुतुरमुर्ग के दो जोड़े इंदौर जू परिवार में शामिल हुए हैं।

**शिवराज सिंह चौहान**

"स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत आज विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र की बुधनी विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने सहभागिता कर नागरिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जी ने रक्तदान शिविर और महिला स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया।

## संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क ,भोपाल में नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (NCVET) द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय की कार्यकारी सदस्य डॉ. विनीता अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि , इस कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण इकोसिस्टम को मजबूत करने और कौशल विकास में नियमन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसे भविष्य के कौशलों को प्रशिक्षण इकोसिस्टम में प्रभावी ढंग से शामिल करने पर भी विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

## जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। ये सुधार स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर कर की दर को कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं।

**'सेवा पर्व'**

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार के रेलवे सुधार प्रत्येक नागरिक के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान कर रहे हैं।

**जूनियर विश्व निशानेबाजी**

नई दिल्ली में चल रही जूनियर विश्व निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत ने आज भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सात पदक जीते। भारत अब तक छह स्वर्ण सहित कुल **20 पदक** जीतकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

**समाचार संक्षेप**

- अशोकनगर के शासकीय आयुर्वेद औषद्यालय झीला में आज सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- शहडोल के जयस्तंभ चौक पर आयोजित तीन दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला आज समाप्त हुआ। मेले में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने 50 से अधिक प्रकार के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई थीं।
- मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा सेवा पर्व पखवाड़ा में विकसित भारत संकल्पना पर केन्द्रित विमर्श एवं मुशायरा का आयोजन कल किया जाएगा।
- एम्स भोपाल और एनएचएम–मध्यप्रदेश ने आज 52 बाल रोग विशेषज्ञों के लिए गंभीर कुपोषण देखभाल पर राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।
- खण्डवा के जिला चिकित्सालय के एन.सी.डी. क्लिनिक में आज विश्व हृदय दिवस पर कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।